लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4077

17 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन

4077. श्री टी. एस. सेल्वागणपति:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन की वैधता को दो वर्ष और बढ़ाने पर विचार कर रही है;

(ख) क्या उक्त मिशन के अंतर्गत आवंटित राशि का केवल 50 प्रतिशत भाग ही खर्च किया जा सका है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या गत कई महीनों से तकनीकी वस्त्रों के निर्यात में लगातार गिरावट आ रही है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्री गिरिराज सिंह)

(क) तथा (ख): राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) की वैधता को और दो वर्ष बढ़ाने का प्रस्ताव जांच के अधीन है। 1,480 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय में से, एनटीटीएम के विभिन्न घटकों के तहत लगभग 850 करोड़ रुपये की परियोजनाएँ/पहलें आवंटित की गई हैं, जिनमें से फरवरी 2026 तक 540.86 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। अनुसंधान परियोजनाओं में निधि का उपयोग निर्धारित लक्ष्यों के शुरू होने से लेकर तार्किक निष्कर्षों तक एक गतिशील प्रक्रिया है। अधिकांश अनुसंधान परियोजनाओँ की समयसीमा अनुमोदन की तिथि से 2 से 3 वर्ष की होती है। तदनुसार, निधियों को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुसार परियोजना लक्ष्यों की परिणामी उपलब्धि के आधार पर किश्तों में जारी किया जाता है।

(ग): भारत से तकनीकी वस्त्र के निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हुई है। पिछले दो वर्षों और इस वर्ष के निर्यात का विवरण निम्नलिखित हैं:-

वित्तीय वर्ष	निर्यात (करोड़ रुपए में)
2023-24	24,724
2024-25	28,392
2025-26 (अप्रैल- दिसम्बर 2025)	21,970

***